# एक दिवसीय ऐस्ट्रॉनामी कार्यशाला वर्ष 2022–2023

संस्था के स्वयं सेवकों द्वारा माह अगस्त से चम्पावत ब्लाक के विभिन्न उच्च माध्यमिक विद्यालयों में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कुलेठी, डुँगरासेठी, खर्ककार्की, जनता उच्च माध्यमिक विद्यालय मुडियानी, राजकीय बालिका इण्टर कालेज चम्पावत में आयोजित की जा चूकी है, शेष विद्यालयों में कार्यक्रम के अनुसार की जायेगी।

**कार्यशाला का उद्देंश्य–** इस कार्यशाला का उददे्श्य छात्र–छात्राओं को सूर्य,पृथ्वी और चन्द्रमा की व्यवस्था और उनसे जुड़ी परिघटनाओ की समझ पैदा करने तथा उन्हें पृथ्वी तथा चन्द्रमा की गतियों, दिन व रात का होना, पूर्णिमा तथा आमावस सहित चन्द्रमा की कलायें तथा सूर्य ग्रहण व चन्द्रग्रहण के बारे में मॉडलों व रोल प्ले की मदद से सिखने का मोका मिलता है। यह कार्यशाला लगभग 3से 4 घन्टे तक चलती है।

**कार्यशाला की रूपरेखा–** सर्वप्रथम गतिविधियों को कराने से पहले कक्षा के छात्र–छात्राओं को 5 से 6 के समूहों में बाटकर हर समूह को घेरे में बिठाते है साथ ही इस बात का ध्यान रखना पड़ता है कि हर घेरे के बीच में काम करने के लिए उचित स्थान हो।

यह कार्यशाला निम्न लिखित गतिविधयों के माध्यम से सम्पन्न करायी जाती है।
1– गोला व तल के बारे में छात्र–छात्राओं को जानकारी देना।
2– डिजाईन टेम्पलेट के माध्यम से पृथ्वी व चन्द्रमा के परिक्रमण तल के बारे में बताना।
3– पृथ्वी की अक्षीय तथा दिन रात का होना।
4– पृथ्वी की कक्षीय गति के बारे में बताना।
5– चन्द्रमा तथा पृथ्वी के बीच सम्बन्ध।
6– रोल प्ले के माध्यम से चन्द्रमा की कलाओं को दर्शाना।
7– रोल प्ले के माध्यम से चन्द्रग्रहण तथा सूर्यग्रहण की जानकारी देना।
8– डिजाईन टेम्पलेट के माध्यम से मौसम के बदलने के कारणों को जानना।

**विभिन्न विद्यालयों में करायी गयी कार्यशाला का विवरण निन्नवत् है।**

| क्र0स0 | विद्यालय का नाम | दिनांक | आयोजक स्वयं सेवक | लाभान्वित छात्र संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रा0 उ0 प्रा0 वि0 डुँगरासेठी | 03–08–22 | पंकज बोहरा<br>प्रकाश पुनेठा | 16 |
| 2 | रा0 उ0 प्रा0 वि0 खर्ककार्की | 05–08–22 | पंकज बोहरा | 28 |
| 3 | रा0 उ0 प्रा0 वि0 कुलेठी | 08–08–22 | पंकज बोहरा<br>प्रकाश पुनेठा | 30 |
| 4 | ज0उ0मा0वि0 | 20–08–22 | पंकज बोहरा | 26 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मुडियानी | | | |
| 5— | रा0बा0इ0का0 चम्पावत | 23—08—22 | पंकज बोहरा प्रकाश पुनेठा | 38 |
| कुल लाभान्वित छात्र | | | | 139 |



रा0उ0प्रा0वि0 डुॅगरासेठी



रा0बा0इ0का0 चम्पावत



रा0उ0प्रा0वि0 खर्ककार्की



ज0उ0मा0वि0 मुडियानी



